कार्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति काराकास की 97वीं त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत

भुवनेश्वर कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में श्री **अरुण कुमार, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, भुवनेश्वर** की अध्यक्षता में दिनांक **30.06.2026** को कार्यालय की **97वीं त्रैमासिक राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.रा.का.स.)** की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के प्रारंभ में हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात **96वीं त्रैमासिक बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि** की गई तथा उस बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुपालन कार्रवाई समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति ने अनुपालन कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

इसके उपरांत आगामी **हिंदी पखवाड़ा-2026** के आयोजन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। समिति ने निर्णय लिया कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं, व्याख्यानों एवं अन्य राजभाषा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा मिल सके।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में पूर्ववत प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त **चुटकुला लेखन प्रतियोगिता** एवं **सुलेख प्रतियोगिता** को भी सम्मिलित किया जाए, ताकि कर्मचारियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित हो तथा हिंदी के प्रति उनकी रुचि एवं सृजनात्मकता को प्रोत्साहन मिले।

बैठक में कार्यालय की **वार्षिक गृह पत्रिका "यथार्थ"** के आगामी अंक के प्रकाशन पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने निर्णय लिया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी में मौलिक लेख, कहानी, कविता, संस्मरण, तकनीकी लेख एवं अन्य साहित्यिक रचनाएँ आमंत्रित की जाएँ, जिससे पत्रिका को अधिक उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके।

समिति को अवगत कराया गया कि **नवगठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति** द्वारा "यथार्थ" के पूर्व प्रकाशित अंक के लिए प्राप्त रचनाओं की समीक्षा कर पुरस्कार हेतु लेखकों के नामों की संस्तुति की गई है। इस पर विचार-विमर्श के उपरांत **प्रत्येक कहानी/लेख के लेखक को ₹1,500/- (रुपये पंद्रह सौ मात्र)** तथा **प्रत्येक कविता के लेखक को ₹450/- (रुपये चार सौ पचास)** का पुरस्कार के लिए नाम मुख्यालय भेजा गया।

समिति ने बताया कि हिंदी नोटिंग का प्रतिशत अभी भी ई-आफिस में नहीं दिखाई दे रहा है इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने लिखित रूप से मुख्यालय के ई-आफिस विभाग को सूचित करने को कहा ताकि नियमित रूप से कार्यालय एवं कर्मी अपनी हिंदी की नोटिंग प्रतिशत देख सकें।

इसके अतिरिक्त समिति के समक्ष उन **11 कर्मचारियों** के नाम प्रस्तुत किए गए जिन्होंने वर्ष के दौरान हिंदी में सर्वाधिक **टिप्पण एवं प्रारूपण)** का कार्य किया उनके नाम मुख्यालय पुरस्कार के लिए भेजे गए।

बैठक में कार्यालय का नाम **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास)** द्वारा वर्ष 2026-27 द्वारा सदस्यता ली गई एवं किया गया एवं उसके वार्षिक अंशदान किया गया

समिति द्वारा **ई-ऑफिस प्रणाली में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग** पर विशेष बल दिया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि ई-ऑफिस में टिप्पण एवं प्रारूपण (Noting & Drafting) करते समय प्रयुक्त भाषा का विशेष ध्यान रखें, ताकि हिंदी में तैयार किए गए पत्र, टिप्पण एवं प्रारूप किसी तकनीकी त्रुटि के कारण अंग्रेजी पत्रों की श्रेणी में दर्ज न हों एवं राजभाषा संबंधी प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।

वर्ष 2026 के दौरान कार्यालय में हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कवि सम्मेलन आयोजित किए जाने के प्रस्ताव पर भी समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया। समिति ने मत व्यक्त किया कि इस प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रमों से कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित होगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के आयोजन हेतु संभावित व्यय एवं उपलब्ध वित्तीय प्रावधानों पर भी विचार-विमर्श किया गया। समिति ने निर्णय लिया कि कवि सम्मेलन के आयोजन के लिए आवश्यक वित्तीय स्वीकृति एवं बजटीय प्रावधानों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी/वित्त अनुभाग से परामर्श प्राप्त करने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा बैठक समाप्त करने की घोषणा की गई।

श्रीनिवास 30/06/2026

हिंदी सम्पर्क अधिकारी

30/06/26

क्षेत्रीय खान नियंत्रक